**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of November, 2022.**

The Ministry of Home Affairs hosted the 3rd Ministerial Level Conference on Counter-Terrorism Financing 'No Money For Terror' (NMFT) during 18-19th November, 2022 to collaborate with countries across the world for suppressing the funding sources that allow terrorists and extremists to carry out their violent acts. Delegations from 77 countries and 16 multilateral organizations participated in the Conference.

2. Union Home Secretary held a meeting with Civil Defence Committee on 04.11.2022 in North Block, New Delhi to review policies and measures for implementation of Civil Defence Set up in the country.

3. On 29.11.2022 Union Home Secretary held a meeting through Video Conference regarding finalization of details under the Vibrant Villages Programme (VVP).

4. The Maharashtra Housing and Area Development (Amendment) Bill, 2020 has been assented to by the Hon'ble President of India on 22.11.2022.

5. The first virtual Negotiation Meeting on Mutual Legal Assistance Treaty in Criminal Matters with Saudi Arabia was held on 07.11.2022. The Indian side was led by JS, Admin with representations from MEA,CBI, Law & Justice & IS.II Division, MHA.

6. Meeting between Government of India delegation led by Additional Secretary (WS), MHA and Belarus delegation led by Deputy Chairman of State Forensic Examination Committee was held on 09.11.2022.

7. NOC issued for changing the name of "Ahroura Road Railway Station" as "Narayanpur Bazar Railway Station" in District Mirzapur, Uttar Pradesh.

8. A Meeting was held on 09.11.2022 under AS (LWE) with IG (Ops), ITBP, CRPF & CRPF-Odisha, DIG (Ops) ITBP-Chhattisgarh, Director Intelligence-Bhubaneswar, Odisha, AD (IB) and Nodal officers from Chhattisgarh & Odisha State for considering the proposals of Odisha and ITBP Police under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme.

9. A Project Clearing Committee (PCC) review meeting was held on 11.11.2022 under AS(LWE) with Senior Officers from Home/ Police Department & Nodal Officers of LWE States including Uttar Pradesh & West Bengal regarding progress of works under Special Infrastructure Scheme (SIS) and Work Plan for extended SIS Scheme.

10. A total of Rs. 6,07,13,250 released to Indian Air Force on account of Airlift provided for Anti-LWE Operations and CAPFs under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme.

11. A meeting was taken by Additional Secretary (NE), MHA with Chief Secretaries and Senior Officers of Governments of Assam and Meghalaya on 28.11.2022 to discuss the situation arising out of violent incident occurred on 22.11.2022 at Assam-Meghalaya inter-state border.

12. A meeting was held under the Chairmanship of Secretary (BM) on 23.11.2022, regarding implementation of Nasha Mukt Bharat Abhiyaan (NMBA) in Border Villages.

13. The first virtual meeting of Joint Working Group (JWG) between India and Turkmenistan was held on 14.11.2022 for the cooperation in the field of Disaster Management. From Indian side, the meeting was chaired by JS (DM), MHA with the representatives from MEA, NDRF, NIDM & IMD. The meeting of JWG was held as per Article '6' and MoU signed between India and Turkmenistan on 14.11.2022 on cooperation in the field of Disaster Management.

14. During the month of November, 2022, an amount of Rs. 21.20 crore was released in advance, as Central share of SDRF to the State Government of Sikkim on 17.11.2022.

15. Total sanction accorded to CAPFs during the month of November 2022 is Rs. 8,14,54,478/ - for procurement of various equipments, vehicles etc.

16. A meeting of High Powered Committee under the chairmanship of JS (PM) was held on 24.11.2022 to consider annual Action Plans of 03 remaining States (Punjab, West Bengal and Andhra Pradesh) and proposals of change of items. However, only the Government of Punjab presented their Action Plan, which was approved by the Committee.

17. On 02.11.2022, sanction for prosecution was accorded against 39 accused in accordance with section 196 of CrPC and section 45(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

18. Total 106 Coys of CAPFs (RAF-17, CRPF-21, BSF-19, SSB-16, ITBP-17, & CISF-16) as direct induction have been ordered for deployment in various States/ UTs (i.e Chandigarh, Jharkhand, Madhya Pradesh, Arunachal Pradesh, Kerala, Uttar Pradesh, Delhi and Dadra & Nagar Haveli) for law and order duties for a specific deployment period in the month of November-2022.

19. The deployment period of 11 CAPFs Coys (CRPF-07, BSF-01, SSB-02 & CISF-01) have been extended in the month of November,2022 in various states (i.e Delhi, West Bengal & Ladakh) for law and order duties/ security arrangements.

20. Total 126 Coys of CAPFs (CRPF-27, BSF-33, SSB-24, and ITBP-18 & CISF 24) as direct induction have been ordered to deploy in various States (i.e Chhattisgarh, Odisha, Uttar Pradesh, Rajasthan & Bihar) for Bye Election related duties in the month of November, 2022.

21. MHA has conveyed additional sanction of Rs. 3,25,104/- for acquisition of 2.876 acres land for Group Centre, CRPF, Bijnor, Lucknow-implementation of court order dated 22.09.2021.

22. 23304 offer/Appointment letter issued to new appointees by CAPFs & ARs across the country during the month of November, 2022 as part of Rozgar Mela.

****

**गृह मंत्रालय की नवंबर, 2022 महीने की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय घटनाक्रम और महत्वपूर्ण घटनाएं।**

गृह मंत्रालय ने दिनांक 18-19 नवंबर, 2022 के दौरान आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए 'नो मनी फॉर टेरर' (एनएमएफटी) संबंधी तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की मेजबानी की, ताकि आतंकवादियों और चरमपंथियों को अपने हिंसक कृत्यों को अंजाम देने के लिए मिलने वाली वित्तीय सहायता को रोकने के लिए दुनियाभर के देशों के साथ सहयोग किया जा सके। इस सम्मेलन में 77 देशों और 16 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।

2. केन्द्रीय गृह सचिव ने देश में नागरिक सुरक्षा ढांचे के कार्यान्वयन की नीतियों और उपायों की समीक्षा के लिए दिनांक 04.11.2022 को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में नागरिक सुरक्षा समिति के साथ बैठक की।

3. केंद्रीय गृह सचिव ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के विवरण को अंतिम रूप देने के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिनांक 29.11.2022 को एक बैठक की।

4. महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास (संशोधन) विधेयक, 2020 को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 22.11.2022 को मंजूरी दे दी गई है।

5. सऊदी अरब के साथ आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि पर पहली वर्चुअल वार्ता बैठक दिनांक 07.11.2022 को आयोजित की गई। संयुक्त सचिव, प्रशासन ने विदेश मंत्रालय, सीबीआई, विधि एवं न्याय मंत्रालय और आईएस-2 प्रभाग, गृह मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया।

6. अपर सचिव (डब्ल्यूएस), गृह मंत्रालय के नेतृत्व में भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल और स्टेट फोरेंसिक एग्जामिनेशन कमेटी के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बेलारूस के प्रतिनिधिमंडल के बीच दिनांक 09.11.2022 को बैठक आयोजित की गई ।

7. उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में "अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन" का नाम बदलकर "नारायणपुर बाजार रेलवे स्टेशन" करने के लिए एनओसी जारी की गई।

8. एलडब्ल्यूई प्रबंधन योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएएलडब्ल्यूईएम) के तहत ओडिशा और आईटीबीपी पुलिस के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए आईजी (ऑपरेशन), आईटीबीपी, सीआरपीएफ और सीआरपीएफ-ओडिशा, डीआईजी (ऑपरेशन) आईटीबीपी-छत्तीसगढ़, निदेशक-आसूचना- भुवनेश्वर, ओडिशा, एडी (आईबी) और छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा राज्य के नोडल अधिकारियों के साथ अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) की अध्यक्षता में दिनांक 09.11.2022 को एक बैठक आयोजित की गई।

9. विशेष अवसंरचना योजना (एसआईएस) के कार्यों की प्रगति और विस्तारित एसआईएस योजना की कार्य योजना के संबंध में गृह/पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के नोडल अधिकारियों के साथ अपर सचिव, एलडब्ल्यूई की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2022 को एक परियोजना समाशोधन समिति (पीसीसी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।

10. एलडब्ल्यूई-रोधी अभियानों के लिए दी गई एयरलिफ्ट सहायता और एलडब्ल्यूई प्रबंधन (एकेएलडब्ल्यूईएम) योजना के अंतर्गत केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत सीएपीएफ के एवज़ में भारतीय वायु सेना को कुल 6,07,13,250 रुपये की राशि जारी की गई।

11. असम-मेघालय अंतर-राज्यीय सीमा पर दिनांक 22.11.2022 को हुई हिंसक घटना से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए गृह मंत्रालय के अपर सचिव (एनई) ने दिनांक 28.11.2022 को असम और मेघालय सरकारों के मुख्य सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की ।

12. सीमावर्ती गांवों में नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के कार्यान्वयन के संबंध में सचिव (बीएम) की अध्यक्षता में दिनांक 23.11.2022 को एक बैठक आयोजित की गई ।

13. आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए दिनांक 14.11.2022 को भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी। भारत की ओर से, विदेश मंत्रालय, एनडीआरएफ, एनआईडीएम और आईएमडी के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त सचिव (डीएम), गृह मंत्रालय ने बैठक की अध्यक्षता की। जेडब्ल्यूजी की बैठक अनुच्छेद '6' के अनुसार आयोजित की गई थी और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच दिनांक 14.11.2022 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

14. नवंबर, 2022 के दौरान, दिनांक 17.11.2022 को सिक्किम राज्य सरकार को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से के रूप में 21.20 करोड़ रुपये की राशि अग्रिम रूप से जारी की गई ।

15. विभिन्न उपस्करों, वाहनों आदि के प्रापण के लिए नवंबर, 2022 के दौरान सीएपीएफ को दी गई कुल स्वीकृति 8,14,54,478/- करोड़ रुपये है।

16. शेष 03 राज्यों (पंजाब, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश) की वार्षिक कार्य योजनाओं और मदों के परिवर्तन के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए संयुक्त सचिव (पीएम) की अध्यक्षता में दिनांक 24.11.2022 को उच्चाधिकार-प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई थी। तथापि, केवल पंजाब सरकार ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की, जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया ।

17. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45 (1) के अनुसार दिनांक 02.11.2022 को 39 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दी गई ।

18. नवंबर, 2022 के महीने में विशिष्ट तैनाती अवधि के लिए कानून और व्यवस्था की ड्यूटी के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (अर्थात चंडीगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और दादरा एवं नगर हवेली) में सीएपीएफ की कुल 106 कंपनी (आरएएफ -17, सीआरपीएफ -21, बीएसएफ -19, एसएसबी -16, आईटीबीपी -17, और सीआईएसएफ -16) की सीधी तैनाती के लिए के लिए आदेश दिया गया है।

19. कानून और व्यवस्था की ड्यूटी/सुरक्षा व्यवस्था के लिए विभिन्न राज्यों (अर्थात दिल्ली, पश्चिम बंगाल और लद्दाख) में नवंबर, 2022 में सीएपीएफ की 11 कंपनियों (सीआरपीएफ-07, बीएसएफ-01, एसएसबी-02 और सीआईएसएफ-01) की तैनाती अवधि बढ़ा दी गई।

20. नवंबर, 2022 के महीने में उपचुनाव संबंधी कार्यों के लिए विभिन्न राज्यों (अर्थात छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार) में सीएपीएफ की कुल 126 कंपनी (सीआरपीएफ -27, बीएसएफ -33, एसएसबी -24, और आईटीबीपी -18 और सीआईएसएफ 24) की सीधी तैनाती का आदेश दिया गया।

21. न्यायालय के दिनांक 22.09.2021 के आदेश के कार्यान्वयन के लिए गृह मंत्रालय ने ग्रुप सेंटर, सीआरपीएफ, बिजनौर, लखनऊ के लिए 2.876 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 3,25,104/- रुपये की अतिरिक्त मंजूरी दी है।

22. रोजगार मेले के भाग के रूप में नवंबर, 2022 के दौरान देशभर में सीएपीएफ और एआर द्वारा नई नियुक्तियों के लिए 23304 प्रस्ताव/नियुक्तिपत्र जारी किए गए।

****